## अरुण कुमार होंगे अटेली विस के चुनाव मतगणना पर्यवेक्षक



**नारनौल।** भारत निर्वाचन आयोग की ओर से जिला महेंद्रगढ़ के लिए नियुक्त चुनाव मतगणना पर्यवेक्षक अरुण कुमार जिला में पहुंच गए हैं।
स्टेट सिविल सर्विसेज 2013 के अधिकारी हैं। मतगणना से संबंधित किसी भी प्रकार की शिकायत के लिए कोई भी राजनीतिक दल उनके मोबाइल नंबर 9407975895 पर संपर्क कर सकता है।

## वाहन की टक्कर लगने से सेहलंग में बिजली के खंभे टूटे, बिजली सप्लाई बाधित

**कनीना सुनील दीक्षित**

कनीना खंड के गांव सेहलंग स्थित महेंद्रगढ़ रोड पर वाहन की टक्कर से बिजली के खंबे टूटने से बिजली सप्लाई बाधित हो गई इधर बिजली निगम को भी खंबे टूटने से लाखों रुपए के राजस्व का नुकसान हुआ है इस बारे में कुरहावटा रोड,महेंद्रगढ़ स्थित दक्षिण हरियाणा बिजली वितरण निगम के एसडीओ ऑपरेशन की ओर से कनीना सदर थाने में दी शिकायत में कहा कि वाहन की टक्कर से 4 नंबर एचटी और 2 नंबर से टीएफ सहित एच पोल टूट गये। जिससे 33 केवी एस-एसटीएन सेहलंग से निकलने वाले 11 केवी स्याना एपी फीडर पर सेहलंग से महेंद्रगढ़ तक बिजली की लाइन डिस्टर्ब हो गई खंबे टूटने से निगम को 337563 रुपए के राजस्व का नुकसान हुआ हैk पुलिस ने एसडीओ की शिकायत पर वाहन चालक के खिलाफ जुर्म जेर धारा 139 विद्युत अधिनियम का अपराध बोध होने पर केस दर्ज कर छानबीन शुरू कर दी है

## रसूलपुर में अज्ञात चोरों ने मकान का ताला तोड़कर नकदी व जेवरात चुराए

**कनीना सुनील दीक्षित**

कनीना खंड के गांव रसूलपुर में अज्ञात चोरों ने एक घर में दबिश देकर 17 हजार रुपए की नकदी तथा सोना चांदी के जेवरात चोरी कर लिए इस बारे में गृह स्वामी रविंद्र कुमार ने कनीना सदर थाना पुलिस को देश शिकायत में कहा कि वह सपरिवार बेंगलौर में रहता है 1 अक्टूबर को उन्हें सूचना मिली कि उसके घर के में गेट का दरवाजा टूटा हुआ है और अंदर के ताले भी टूटे हुए हैं तथा सामान बिखरा हुआ है उन्होंने गांव पंहुचकर जांच पड़ताल की तो अलमारी व संदूक में रखे हुए कपड़े इधर-उधर बिखरे हुए थे वही 51 हजार रुपए की माला, 2100 कि 3 माला व 17 हजार रुपए की नगदी सहित सोने चांदी के जेवरात गायब मिलें पुलिस ने मौका मुआयना कर अज्ञात चोरों के खिलाफ केस दर्ज कर छानबीन शुरू कर दी है

## अटेली विधानसभा में 142375 मतदाताओं ने अपने मत का प्रयोग कर आठ उम्मीदवारों का भाग्य ईवीएम में बंद किया

**कनीना सुनील दीक्षित**

विधानसभा चुनाव के लिए शनिवार देर सायं तक हुए मतदान का कार्य शांतिपूर्वक संपन्न हो गयो अटेली हलके में 202154 मतदाताओं में से 142375 मतदाताओं ने अपने मत का प्रयोग कर चुनाव लड़ रहे आठ उम्मीदवारों का भाग्य इलेक्ट्रिक वोटिंग मशीन में बंद कर दिया जिसका नतीजा 8 अक्टूबर को जारी किया जाएगा अटेली विधानसभा में निर्वाचन आयोग द्वारा 215 मतदान केंद्र स्थापित किए गए थे जहां मतदाताओं ने अपने मत का प्रयोग किया अब मंगलवार को नारनौल जिला मुख्यालय पर मतगणना की जाएगी मतदाताओं ने किस उम्मीदवार की किस्मत लिखने का काम किया है, इसके फैसले के लिए प्रशासन द्वारा उचित इंतजाम किए जा रहे हैं चुनाव लड़ रहे उम्मीदवारों के मतगणना एजेंट बना दिए गए हैं अटेली हलके के निर्वाचन अधिकारी कनीना के एसडीएम अमित कुमार को बनाया गया है जबकि मतगणना पर्यवेक्षक अरुण कुमार को नियुक्त किया गया है रविवार को दिनभर प्रत्याशी अपने-अपने कार्यकताओं के साथ बैठकर चुनावी जोड़-घटा करते नजर आए साथ ही चुनाव के समय हुई छिटपुट घटनाओं को याद कर हंसी मजाक कर चुनाव की थकान दूर करने का प्रयास किया अटेली हलके के अंदर दो नपा-विकासखंड शामिल है जिनमे नगर पालिका कनीना और अटेली हैं कनीना विकासखंड अटेली विधानसभा का बड़ा शहर है जिसमें नौ मतदान केंद्र बनाए गए थे जहां पर मतदान केंद्र 54 पर1082 में से 802 मत डाले गए मतदान केंद्र 55 पर1064 में से 787 वोट, 56 पर 1127 में से 803 वोट, मतदान केंद्र 57 पर1342 में से964 वोट, मतदान केंद्र 58 पर 891 में से 648 वोट, मतदान केंद्र 59 पर 1297 में से 937 वोट, मतदान मतदान केंद्र 60 पर 1343 में से 1052 वोट, मतदान केंद्र 61 पर 964 में से 644 वोट, मतदान केंद्र 62 पर1305 में से 889 वोट सहित कुल10415 में से 7526 वोट पोल हुए भाजपा प्रत्याशी आरती सिंह राव ने अपना पहला चुनाव अटेली विधानसभा से लड़ा है, जो उनके परिवार की परंपरागत सीट रही है मतदान के बाद रविवार को उन्होंने अपने प्रत्येक कार्यकर्ताओं से बात कर मतदान के बारे में विस्तार से जानकारी ली सभी कार्यकर्ताओं से एक-एक कर बात की वह अपनी जीत के प्रति आश्वस्त नजर आई कांग्रेस प्रत्याशी अनीता यादव पहले विधायक और मुख्य संसदीय सचिव रह चुकी हैं उनका चुनाव लड़ने का अनुभव रहा है मतदान के तुरंत बाद से ही उन्होंने कार्यकर्ताओं से दूरभाष पर जानकारी लेनी शुरू कर दी थी रविवार को अपने निवास पर परिवारजनों के साथ कार्यकर्ताओं से मिली और कार्यकर्ताओं की भावनाओं को समझा उन्होंने मतगणना के लिए कार्यकर्ताओं को जिम्मेवारी सौंपते हुए कहा कि प्रदेश में कांग्रेस पार्टी सरकार बना रही है

## विस चुनाव में जिला नूंह में हुआ 72.81 प्रतिशत मतदान- जिला निर्वाचन अधिकारी धीरेंद्र खड़गटा

**(अनिल मोहनियां नूंह)**

जिला निर्वाचन अधिकारी एवं उपायुक्त धीरेंद्र खड़गटा ने बताया कि हरियाणा विधानसभा चुनाव में जिला नूंह के मतदाताओं ने बढ़-चढ़कर भागीदारी की और शांतिपूर्वक चुनाव कराने में जिला प्रशासन का पूर्ण सहयोग किया, जिसके लिए जिला के मतदाता बधाई के पात्र हैं। इस विधानसभा चुनाव में जिला के तीनों विधानसभा क्षेत्रों में बीते दिन हुए चुनाव में कुल 72.81 प्रतिशत मतदान हुआ, जिसमें नूंह विधानसभा क्षेत्र में 74.42 प्रतिशत, फिरोजपुर झिरका विधानसभा क्षेत्र में 73.13 प्रतिशत तथा पुन्हाना विधानसभा क्षेत्र में 70.81 प्रतिशत मतदान हुआ। उपायुक्त ने बताया कि जिला के तीनों विधानसभा क्षेत्रों में 4 लाख 81 हजार 619 मतदाताओं ने अपने मताधिकार का उपयोग किया, जिसमें 2 लाख 59 हजार 382 पुरुष मतदाता, 2 लाख 22 हजार 232 महिला मतदाता तथा पांच अन्य मतदाता शामिल हैं। उन्होंने बताया कि 79-नूंह विधानसभा क्षेत्र में एक लाख 54 हजार 668 मतदाताओं ने अपने वोट डाले, जिसमें 83 हजार 347 पुरुष व 71 हजार 316 महिला मतदाता तथा 5 अन्य मतदाता शामिल हैं। इसी प्रकार 80-फिरोजपुर झिरका विधानसभा क्षेत्र में एक लाख 80 हजार 877 मतदाताओं ने चुनाव में अपने वोट का उपयोग किया, जिसमें 97 हजार 66 पुरुष तथा 83 हजार 811 महिला मतदाता शामिल हैं। इसी प्रकार पुन्हाना विधानसभा क्षेत्र में एक लाख 46 हजार 74 मतदाताओं ने वोट डाले, जिसमें 78 हजार 969 पुरुष तथा 67 हजार 105 महिला मतदाता शामिल हैं।

# एग्जिट पोल्स में बीजेपी को झटका, कांग्रेस की बल्ले-बल्ले, जानिए क्या बोले सीएम और हुड्डा

**चंडीगढ़।** हरियाणा विधानसभा चुनाव को लेकर सभी 90 सीटों पर वोटिंग हो चुकी है और जनता ने नेताओं की किस्मत ईवीएम में कैद कर दी है। अब अलग-अलग मीडिया चैनल्स द्वारा जारी एग्जिट पोल्स के आंकड़ों में कांग्रेस के लिए खुशखबरी आई है। एग्जिट पोल में कांग्रेस को पूर्ण बहुमत मिलता नजर आ रहा है। वहीं 10 साल से सत्ता में बैठी भाजपा सिमटती दिख रही है। 8 अक्टूबर को घोषित होने वाले नतीजों से पहले एग्जिट पोल्स ने बीजेपी की टेंशन बढ़ा दी है।

### हमने हरियाणा को गति देने का किया काम: नायब सैनी

भले ही एग्जिट पोल्स में बीजेपी को बड़ी हार मिलती नजर आ रही है, तो वहीं बीजेपी के नेता और हरियाणा के मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी का दावा है कि 8 अक्टूबर को जब विधानसभा चुनाव के नतीजे घोषित होंगे तो बीजेपी ही राज्य में सरकार बनाएगी। हमें पूर्ण विश्वास है, हमने हरियाणा को गति देने का काम किया है।

### कांग्रेस प्रचंड बहुमत के साथ सरकार बनाएगी: भूपेंद्र हुड्डा

दूसरी ओर हरियाणा के पूर्व सीएम ओर कांग्रेस नेता भूपिंद्र सिंह हुड्डा का दावा है कि कांग्रेस एग्जिट पोल के आंकड़ों से भी ज्यादा बेहतरीन प्रदर्शन करते हुए 10 साल बाद सत्ता में वापसी करेगी। भूपेंद्र हुड्डा ने कहा कि जब से हमने चुनाव प्रचार शुरु किया है, तब से मैं कह रहा हूं कि कांग्रेस के पक्ष में लहर है। कांग्रेस प्रचंड बहुमत के साथ सरकार बनाएगी। एग्जिट पोल में बढ़त का मेन फैक्टर 2005-2014 की हमारी उपलब्धियां और 2014-2024 तक भाजपा सरकार की विफलताएं हैं। हम बेरोजगारी, शिक्षा और सुरक्षा पर काम करेंगे।

2024 के हरियाणा में विधानसभा चुनाव में सबसे बड़ा टेस्ट बीजेपी का होगा जो कि पिछले दस साल से सरकार चला रही है और उसे इस चुनाव में सत्ता विरोधी लहर का सामना करना पड़ सकता है। वहीं कांग्रेस ने लोकसभा चुनाव में बीजेपी को टक्कर दी थी और नतीजा 5-5 सीट पर रहा था। ऐसे में यह देखना होगा कि लोकसभा चुनाव की तरह ही बीजेपी और कांग्रेस में टक्कर होती है या जनता किसी एक दल को पूरे बहुमत के साथ सत्ता तक पहुंचाती है।





# कामधेनु आरोग्य संस्थान में मासिक हवन का हुआ आयोजन

सर्वप्रथम डॉ. एस. पी. गुप्ता ने हवन का शुभारम्भ किया । हवन का संचालन आदर्श गर्ग तावडू ने किया । हवन प्रथा के अनुसार अक्टूबर मास में जिन लोगों के जन्मदिवस, शादी की वर्षगांठ एवं पुण्यतिथि थी, उनके नाम से अग्नि देव को आहुति अर्पित की गई तथा समस्त मानव जाति के हित में सुख-शांति के लिए प्रार्थना की गई। संस्थान के महामंत्री प्रियंक गुप्ता ने मंच का संचालन करते हुए कार्यक्रम का प्रारंभ किया। संस्थान के संस्थापक डॉ एस.पी. गुप्ता ने सभी अतिथियों का स्वागतार्थ परिचय करवाते हुए उनकी गौ-भक्ति का संक्षिप्त वर्णन किया और बताया की कामधेनु गौधाम में वर्ष 2013 से वैदीक मासिक हवन का अनवरत आयोजन हो रहा है। डॉ. गुप्ता ने अच्छे स्वास्थ्य की आवश्यकता के विषय में बताते हुए कहा कि हम आर.ओ का पानी कभी न पियें और एल्कलाइन पानी का ही प्रयोग करें। पानी हमेशा बैठ कर ही पिएं, खड़े होकर कभी नहीं। पानी को चबा-चबा कर ही पियें। 4 -5 लीटर पानी प्रतिदिन जरूर पिएं। भोजन से आधे घंटे पहले और आधे घंटे बाद ही पानी पिएं। सुबह शौच जाने से पहले गुनगुने पानी का सेवन करें इससे दिल के दौरा पड़ने का खतरा बहुत कम हो जाता है । उन्होंने सभी गौ भक्तो का लगातार यहाँ आने के लिए धन्यवाद भी किया। स्वागत कार्यक्रम में डॉ. राजीव मणि का स्वागत एस. पी. गुप्ता, सुनील जिंदल, दिनेश गुप्ता ने, श्याम स्वरूप जी मनावत का शशि गुप्ता, पायल गुप्ता, डिम्पल गुप्ता ने, अनिल कुमार गुप्ता का नरेश गुप्ता, योगेश गुप्ता, आदर्श गुप्ता ने, ब्रह्म दत्त का मनीष शर्मा, वेंकटेश गुप्ता, राकेश मल्होत्रा ने, घनश्याम गुप्ता जावेरी का अनुपम गुप्ता, पुरेन्द्र गोयल, ऊषा गर्ग ने, मदन जिंदल का विशाल गर्ग, नरेश बिस्सर, रुचिर गुप्ता ने तुलसी का पौधा, कामधेनु स्मृति चिन्ह एवं संस्थान में पंचगव्य निर्मित घी का गिफ्टपैक भेंट करके किया । इसके अलावा सी.आर गर्ग, जय कुमार गर्ग, अशोक अग्रवाल, विनय सिंघल, रोहित यादव, यशपाल सिंह, गंगाराम निर्वाण आई.आर.एस का स्वागत भी डॉ एस.पी. गुप्ता और श्याम स्वरूप जी मनावत द्वारा किया गया। घनश्याम गुप्ता जावेरी ने अपने सम्बोधन में कामधेनु आरोग्य संस्थान के प्रबंधन और यहाँ के सफाई / कार्य कुशलता कि प्रशंसा करते हुए डॉ. गुप्ता और उनके पूरे परिवार की सेवा भावना का हृदय से धन्यवाद किया। उन्होंने खाटू श्याम दिल्ली धाम की भी विस्तृत जानकारी दी और डॉ. गुप्ता और उनके परिवार और पदाधिकारियों को आने के लिए निमंत्रित किया। उन्होंने बताया कि धाम में 36 अन्य धामों की भी स्थापना की जा रही है और यह धाम सनातन धर्म के अग्रणी संस्थान के रूप में सेवा करने को तत्पर है। यहाँ पर 300 से 40,000 लोगों के किसी भी कार्यक्रम जो भारत की संस्कृति और सभ्यता के प्रचार प्रसार से सम्बंधित है आयोजित किये जा सकते हैं। उन्होने बताया कि धाम में आने वाले 70 प्रतिशत से भी अधिक युवा वर्ग है। इसके उपरांत कुमार ओमव गुप्ता ने भारतीय संस्कृति पर एक रचना प्रस्तुत की। ब्रह्म दत्त ने अपने सम्बोधन में समुन्द्र मंथन से प्रकट कामधेनु, गौमाता के महत्व और गौग्रास निकालने के विषय पर चर्चा की। उन्होंने बताया कि वो कई वर्षों से संस्थान से जुड़े हुए हैं और कैसे-कैसे कामधेनु गौधाम में विकास हुआ उसका संक्षिप्त ब्यौरा दिया। उन्होंने यहाँ निर्मित उत्पादों और यहाँ के भोजन की भी विशेष प्रशंसा की । उन्होंने बताया कि उनके 3 पोते है और उन्होंने संकल्प किया है कि वो उनके अलावा चौथे पोते के रूप में गौमाता की भी सेवा करेंगे। अनिल कुमार गुप्ता ने अपने संक्षिप्त वक्तव्य में उन्हें यहाँ बुलाने के लिए डॉ. गुप्ता का आभार व्यक्त किया और उन्होंने यहाँ आने और गौमाता की हो रही सेवा की प्रशंसा की। प्रियंक गुप्ता ने राजीव मणि के बारे में जानकारी देते हुए बताया कि उन्होंने मेडिएशन, आर्बिट्रेशन और एक देश एक चुनाव पर हो रहे वैधानिक प्रावधानों पर बहुत कार्य किया है। उन्होंने यहाँ आज गौ भक्तो द्वारा दिए हुए दान कर्ताओं का भी जिक्र किया। राजीव मणि ने अपने सम्बोधन में सर्वप्रथम ब्रह्मदत्त की उत्कृष्ट सेवा भावना की प्रशंसा की। उन्होंने कहा कि उन्होंने गुरुग्राम का नाम केवल आई टी, उद्योग, व्यापार आदि के बारे में ही पता था लेकिन उसके पास कामधेनु आरोग्य संस्थान का होना हर्ष का विषय है। यह संस्थान कंकरीट के जंगल में शांति का स्थल है। उन्होंने बताया कि वह स्वयं कृषक परिवार से है और उनके परिवार में गौसेवा के प्रति हमेशा से लगाव रहा है । उन्होंने स्वयं गौ दुग्ध दोहन किया है । उनके परिवार में गौ दुग्ध से निर्मित उत्पादों



का ही प्रयोग होता है। बैलों की भी अपनी उपयोगिता है जिनके कारण हमारे घर में अनाज आता है। आज जब भारतीय संस्कृति और सनातन धर्म पर चहुँ ओर से आक्रमण हो रहा है ऐसे में कामधेनु आरोग्य संस्थान का महत्त्व बहुत बढ़ जाता है। उन्होने डॉ. गुप्ता और उनके सभी पदाधिकारियों का उन्हें यहाँ बुलाने के लिए धन्यवाद किया। हरी ओम गोयल ने अपने यातायात समाजसेवी अभियान के बारे में बताया कि सड़को पर हो रहे जाम और वहां हो रही दुर्घटनाओं के मद्देनजर उन्होंने यातायात अभियान चलाया हुआ है। जिसमे proper lane, proper gap, i love lane driving, restless minds leads to careless driving, give way to ambulanceआदि उद्धरण के द्वारा लोगों को जागरूक और सावधान करने का प्रयास किया जा रहा है। मनीषी वक्ता पंडित श्याम स्वरूप मनावत, मानस मर्मज्ञ, उज्जैन ने अपने आशीर्वचन में बताया कि यहाँ पर उपस्थित गौभक्त देश की दशा और दिशा बदलने का कार्य करते हैं । उन्होंने बताया कि कलियुग महाकाल के दशांश है । राजा परीक्षित ने जब कलियुग पर गौरक्षा के लिए तलवार उठाई थी तो कलियुग राजा परीक्षित के चरणों में गिर पढ़ा था। अतः जो भी गौरक्षा के लिए प्रयासरत है उसके आगे कलियुग परास्त होगा ही। पंडित श्याम स्वरूप ने बताया कि मन त्रिगुणात्मक है। सत्वगुण में सेवा और समर्पण की भावना होती है और हरियाली का प्रतीक है। रजोगुण में सुविधा और सम्मान पाने की भावना होती है । सम्पूर्ण पृथ्वी रजोगुण की प्रतीक है। पृथ्वी को सतोगुणी बनाने के लिए भूमि को गौ-गोबर से लीपना होता है । कलियुग तमोगुण का प्रतीक है जिसमे काम और निद्रा की बहुतायत होती है। पत्थर तमोगुण का प्रति है। देश में अराजकता, भ्रष्टाचार और अपराध समाप्त करने के लिए सतोगुणी होना आवश्यक है। अस्वस्थ को स्वस्थ बनाने के लिए बजट होता है पर स्वस्थ को स्वस्थ रखने के लिए भी बजट अनिवार्य होना चाहिए। गौमाता और पृथ्वी एक दूसरे की पर्याय है। जब जब पृथ्वी पर संकट आता है वो गौ का रूप धारण करके ही परमात्मा के पास जाती है। भगवान श्री कृष्ण ने ब्रह्मा जी की कृति से पूर्व पांच तत्वों की रचना की - पृथ्वी, जल, अग्नि, वायु, आकाश। इन 5 तत्वों के अधिष्ठाता इंद्र हुए। इन छह तत्वों की प्रत्यक्ष पूजा नहीं होती। यज्ञ से इन सभी तत्वों की पूजा हो जाती है। 3 तरह के मनुष्य होते है। प्रथम वो जो लेते कम है देते ज्यादा है जैसे पृथ्वी, यज्ञ। दुसरे वो जो जितना लेते है उतना ही देते है जैसे मनुष्य। तीसरे वो जो देते काम है और लेते ज्यादा है जैसे राक्षस। यज्ञ लेते बहुत काम है देते बहुत ज्यादा है। अतः सभी को यज्ञ जरूर करना चाहिए। जहाँ जहाँ गौमाता के घी का दीपक जलाया जाता है वहां सतोगुण का विकास होगा और तमोगुण भाग जायेगा। इंसान को निस्वार्थी नहीं परमार्थी होना चाहिए। परमार्थी होने के लिए आम तौर पर इंसान में पागलपन, जूनून और संकल्प होता है जैसे मीरा जी में, सुभाष चन्द्र बोस में , भगत सिंह, सुखदेव, राजगुरु में था। जब इनको फांसी दी जानी थी तीनों ने फांसी के तख्ते पर चढ़कर फंदे को चूमा और बेहद हर्ष के साथ अपने गले में डाल दिया तो जेल के वॉर्डन में यह कहा कि यह युवक पागल है और इनके दिमाग बिगड़े हुए हैं। उस वक्त सुखदेव के द्वारा यह गीत सुनाया गयाः इन बिगड़े दिमाग में घनी खुशबू के लच्छे हैं, हमें पागल ही रहने दो हम पागल ही अच्छे हैं।

## एग्जिट पोल्स से उत्साहित कांग्रेस, प्रदेश अध्यक्ष उदय भान बोले- 2005 का रिकॉर्ड दोहराएगी पार्टी



**पलवल।** हरियाणा विधानसभा चुनावों की वोटिंग सकुशल शनिवार को सम्पन्न हो गई। मतगणना 8 अक्टूबर यानी मंगलवार को होगी। इसके पहले ही एग्जिट पोल में कांग्रेस की सरकार बनती दिख रही है। इसे लेकर कांग्रेस के प्रदेश अध्यक्ष उदय भान प्रतिक्रिया दी है। उन्होंने कहा कि सन 2005 का रिकॉर्ड पार्टी दोहराएगी। अध्यक्ष ने कहा की प्रदेश में 67 सीटें जीतकर कांग्रेस सरकार बना रही। हरियाणा में पीएम मोदी और बीजेपी के बड़े नेताओं की रैली का कोई असर नहीं हुआ क्योंकि भाजपा के झूठ से प्रदेश की जनता परेशान हो गई थी। उन्होंने कहा की सीएम फेस का फैसला विधायक दल की बैठक और केंद्रीय नेतृत्व तय करेगा।

कांग्रेस ने कहा है कि हरियाणा में पिछले 10 साल में भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) सरकार ने लोगों की भावनाओं के प्रतिकूल काम किया है और इससे हरियाणा का हर वर्ग भाजपा से नाराज था, इसलिए इसके वही परिणाम शुरु से दिख रहे थे, जिनका अनुमान एग्जिट पोल लग रहे हैं। हरियाणा के पूर्व मुख्यमंत्री भूपेंद्र सिंह हुड्डा ने कहा कि वह पहले से ही कह रहे हैं कि हरियाणा में कांग्रेस की पक्ष में लहर है और कांग्रेस बड़ी जीत हासिल कर रही है, इसलिए एग्जिट पोल में जो कुछ कहा जा रहा है, उसमें कुछ भी नया नहीं है।

पूर्व केंद्रीय मंत्री एवं कांग्रेस नेता अश्विनी कुमार ने कहा कि हरियाणा में एग्जिट पोल सही बता रहे हैं कि कांग्रेस जीत रही है और भारी बहुमत से सरकार बना रही है, लेकिन कांग्रेस की सरकार बनने पर भाजपा के लिए बहुत ही निराशाजनक स्थिति होगी। सीएम कोई भी होगा हमने जो जनता से वादे किए उन पर जनता ने भरोसा किए है। हम उस वादे को पूरा करेंगे।

## मतगणना स्टाफ की अंतिम रिहर्सल आज 7 अक्टूबर को



(अनिल मोहनियां नूंह) जिला निर्वाचन अधिकारी एवं उपायुक्त धीरेंद्र खड़गटा ने बताया कि हरियाणा विधानसभा चुनाव के मद्देनजर जिला के तीनों विधानसभा क्षेत्रों की मतगणना का आगामी 8 अक्टूबर को शहीद लेफ्टिनेंट किरण शेखावत राजकीय महिला महा-विद्यालय सालाहेड़ी में प्रातः 8 बजे से शुरू होगी। इसके लिए सभी रिटर्निंग अधिकारियों द्वारा सभी जरूरी प्रबंध व तैयारियां सुनिश्चित की जा रही हैं। उन्होंने बताया कि मतगणना का कार्य सुचारू रूप से चलाने के लिए कल 7 अक्टूबर को प्रातः 10.15 बजे मतगणना केंद्र पर मतगणना स्टाफ, जिसमें काउंटिंग सुपरवाइजर, काउंटिंग एसीसटेंट व माइक्रो आब्जर्वर्स शामिल हैं, की अंतिम रिहर्सल होगी। इस संबंध में सभी मतगणना स्टाफ को समय पर रिहर्सल में पहुंचने के निर्देश जारी किए गए हैं। इस रिहर्सल में मतगणना से संबंधित सभी बारीकियों से स्टाफ को अवगत कराया जाएगा।

# मतदान केंद्रों पर व्हील चेयर के प्रबंधों से उत्साहित दिखे दिव्यांग मतदाता









**नारनौल।** उपायुक्त एवं जिला निर्वाचन अधिकारी मोनिका गुप्ता आईएएस के मार्गदर्शन में इस बार जिला रेड क्रॉस सोसाइटी की ओर से विधानसभा आम चुनाव में दिव्यांग मतदाताओं के लिए विशेष प्रबंध किए गए थे। इन प्रबंधों से जिला के सभी दिव्यांगजन खुश नजर आए। दरअसल शनिवार को हुए विधानसभा आम चुनाव के लिए डीसी ने राजस्थान के साथ लगते जिलों के अधिकारियों से संपर्क करके 210 व्हील चेयर का प्रबंध किया। जिला महेंद्रगढ़ में कुल 772 मतदान केंद्र बनाए गए थे। इसके अलावा जिला महेंद्रगढ़ के निजी व सरकारी अस्पतालों तथा अन्य नागरिकों के सहयोग से 250 व्हील चेयर का प्रबंध किया गया था। वालंटियर की व्यवस्था जिला रेड क्रॉस सोसाइटी से डॉ एसपी सिंह तथा जिला शिक्षा अधिकारी संतोष कुमार ने की थी। इस हिसाब से प्रत्येक मतदान केंद्र पर एक व्हीलचेयर उपलब्ध करवाई गई थी। इसके अलावा मौके पर जिला रेड क्रॉस सोसाइटी की ओर से विभिन्न सामाजिक संगठनों के सहयोग से वालंटियर भी लगाए गए थे ताकि दिव्यांगजनों को किसी भी प्रकार की परेशानी ना हो। दिव्यांग जनों की सहूलियत के लिए चुनाव से पहले भी उपायुक्त खुद विभिन्न मतदान केंद्रों पर पहुंचकर रैंप आदि की व्यवस्था का जायज लेती रही है।



## स्त्री 2 के निर्देशक के साथ काम करेंगे शाहरुख खान? फिल्म को लेकर आई बड़ी जानकारी

पठान, जवान और डंकी से साल 2023 में धमाल मचाने वाले शाहरुख खान की इस कोई भी फिल्म इस साल पर्दे पर नहीं आई है। वह इन दिनों अपनी मेगा एक्शन मनोरंजक फिल्म किंग की तैयारियों में व्यस्त हैं। इस बीच उनकी एक और फिल्म को लेकर बड़ी जानकारी सामने आई है। कई समाचार वेबसाइट्स में छपी खबरों की मानें तो किंग और पठान 2 जैसी मारधाड़ वाली फिल्मों के बीच शाहरुख खान एक हल्की-फुल्की मनोरंजक फिल्म में काम करने का विचार कर रहे हैं। कहा जा रहा है कि किंग खान इस समय अपनी इस आगामी फिल्म के लिए बातचीत को अंतिम रूप दे रहे हैं।

### एडवेंचर फिल्म में काम करेंगे शाहरुख

रिपोर्ट के मुताबिक अभिनेता एक एडवेंचर फिल्म के लिए अमर कौशिक और मैडॉक फिल्म्स के दिनेश विजान के साथ बातचीत कर रहे हैं। हालांकि, अभी तक इसकी आधिकारिक पुष्टि नहीं हुई है। रिपोर्ट में बताया गया है कि दोनों पक्षों के बीच तीन दौर की चर्चा पहले ही हो चुकी है।

### अमर कौशिक से चल रही बात

रिपोर्ट में किंग खान के करीबी सूत्र के हवाले से बताया गया है, शाहरुख खान ने पिछले कुछ महीनों में लगभग हर फिल्म निर्माता से मुलाकात की है। उनके पास उनके लिए जो भी आइडिया आए उन्होंने उन्हें सुना, लेकिन कुछ भी उन्हें उत्साहित नहीं कर सका। अब शाहरुख खान अमर कौशिक और दिनेश विजान की स्त्री 2 टीम के साथ बातचीत कर रहे हैं। रिपोर्ट के मुताबिक ऐसा माना जा रहा है कि अमर और दिनेश स्त्री की तरह एक एडवेंचर पर आधारित सफल फ्रैंचाइजी बनाने की कोशिश कर रहे हैं। हालांकि, शाहरुख ने अभी तक कोई फैसला नहीं लिया है, लेकिन उनके और फिल्म की टीम के बीच और मीटिंग होने की उम्मीद है। यह फिल्म स्त्री यूनिवर्स का हिस्सा नहीं होगी।

### कब शुरू होगी शूटिंग?

रिपोर्ट में यह भी बताया गया है कि शाहरुख राज और डीके के साथ कॉमिक-एक्शन थ्रिलर के बारे में अलग से चर्चा कर रहे हैं। कथित तौर पर अब उनके पास फिल्म के लिए दो विकल्प हैं, जिन्हें वह किंग को खत्म करने के बाद और पठान 2 शुरू करने से पहले करना चाहते हैं। फिल्म किंग की बात करें तो इसमें शाहरुख खान के साथ सुहाना खान और अभिषेक बच्चन भी हैं। इस फिल्म की शूटिंग अगले साल जनवरी में शुरू होगी। वह अगले साल के अंत तक या 2026 की शुरुआत में पठान 2 शुरू कर सकते हैं।



बॉलीवुड अभिनेत्री कृति सेनन जल्द ही बतौर निर्माता अपनी शुरुआत करने वाली हैं। उन्होंने खुद का प्रोडक्शन हाउस शुरू किया है। इस बैनर तले बनने वाली पहली फिल्म दो पत्ती है, जो जल्द ही नेटफ्लिक्स पर रिलीज होने वाली है। कृति से पहले और भी बहुत सी अभिनेत्रियां फिल्म निर्माण के क्षेत्र में कदम रख चुकी हैं। आइए उनके बारे में जानते हैं...

# अभिनय के साथ फिल्म निर्माता भी हैं ये अभिनेत्रियां

कृति सेनन बॉलीवुड की खूबसूरत और प्रतिभाशाली अदाकाराओं में से एक हैं। अपने शानदार अभिनय की वजह से वह सर्वश्रेष्ठ अभिनेत्री का राष्ट्रीय पुरस्कार भी जीत चुकी हैं। अभिनय के बाद अब वह जल्द ही बतौर निर्माता अपनी शुरुआत करने वाली हैं। उन्होंने खुद का प्रोडक्शन हाउस शुरू किया है, जिसका नाम उन्होंने ब्लू बटरफ्लाइ रखा है। इस बैनर तले बनने वाली पहली फिल्म दो पत्ती है, जो जल्द ही नेटफ्लिक्स पर रिलीज होने वाली है। इसमें कृति सेनन और काजोल मुख्य भूमिका में नजर आने वाली हैं। कृति से पहले और भी बहुत सी अभिनेत्रियां फिल्म निर्माण के क्षेत्र में कदम रख चुकी हैं।

### आलिया भट्ट

आलिया भट्ट बॉलीवुड की सबसे प्रतिभाशाली अभिनेत्रियों में से एक हैं। फिल्म स्टूडेंट ऑफ द ईयर से अपनी शुरुआत के बाद आलिया ने कभी भी पीछे मुड़कर नहीं देखा। अभिनय के साथ अब वह फिल्मों का निर्माण भी करती हैं। उनके प्रोडक्शन हाउस का नाम इटरनल सनशाइन प्रोडक्शंस है। फिल्म डार्लिंग के साथ बाद वह जिगरा के निर्माताओं में से भी एक हैं।

### दीपिका पादुकोण

ओम शांति ओम से अभिनय की दुनिया में कदम रखने वाली दीपिका आज किसी पहचान की मोहताज नहीं। उन्होंने अपने करियर में एक से बढ़कर एक फिल्में दी हैं। अदाकारी से लोगों के दिलों पर राज करने के बाद उन्होंने फिल्म छपाक से निर्माता के तौर पर अपनी शुरुआत की थी। उनके प्रोडक्शन हाउस का नाम केए प्रोडक्शंस है।

### प्रियंका चोपड़ा

हिंदी फिल्मों में अपनी अदाकारी का जलवा दिखाने के बाद प्रियंका अब विदेशी प्रोजेक्ट्स में भी काम करके अपना जादू बिखेर रही हैं। वह जल्द ही सिटाडेट के अगले भाग में भी नजर आने वाली हैं। अभिनेत्री होने के साथ प्रियंका फिल्म निर्माता भी हैं। उनके प्रोडक्शन हाउस का नाम पर्पल पेबल पिक्चर्स है।

### कंगना रनौत

इस लिस्ट में कंगना रनौत का नाम भी शामिल है। कंगना ने अपने अभिनय से लोगों के दिलों पर गहरी छाप छोड़ी है। फिल्म में अपनी अदाकारी का दिखाने के बाद उन्होंने फिल्म निर्माण में भी कदम रखा। उनके प्रोडक्शन हाउस का नाम मणिकर्णिका फिल्म्स है। इंदिरा गांधी पर आधारित फिल्म इमरजेंसी इसी बैनर तले बनी है।

# लैला-मजनू की शूटिंग के दौरान रातभर रोती थीं तृप्ति डिमरी

फिल्म एनिमल से तृप्ति डिमरी को इतनी ख्याति मिली है कि उनके पास फिल्मों की लाइन लग गई है। फिल्म एनिमल में भाभी 2 के नाम से प्रसिद्ध हुई तृप्ति की इस साल कई फिल्में रिलीज होने वाली हैं, जो रोमांस, थ्रिलर, सस्पेंस और हॉरर से भरपूर होंगी। अभिनेत्री अपनी आगामी फिल्म विक्की विद्या का वो वाला वीडियो को लेकर चर्चा में चल रही हैं। अब हाल ही में, अभिनेत्री ने बताया कि लैला मजनू की शूटिंग के दौरान वह घर जाकर रोती थीं। उन्होंने स्वीकार किया कि जब वह मुंबई आईं तो उन्हें अभिनय का ए भी नहीं पता था। हाल ही में एक इंटरव्यू में, तृप्ति ने साझा किया कि उन्हें शुरू में अभिनय का कोई शौक नहीं था और उन्होंने इसे करियर विकल्प नहीं माना। अभिनेत्री ने कहा, मैं बस कुछ अलग करना चाहती थी। मैं कभी भी एकेडमिक में अच्छी नहीं थी। मैंने अपने माता-पिता से कहा कि मैं मॉडलिंग आजमाने जा रही हूं।
अभिनेत्री ने यह भी बताया कि उनके माता-पिता शुरू में उनके मुंबई जाने को लेकर काफी डरे हुए थे, खासकर क्योंकि वह एक शर्मीली, इंट्रोवर्ट थीं, जिन्होंने कभी दिल्ली से बाहर कदम नहीं रखा था। वे पहले इंडस्ट्री या मॉडलिंग में प्रवेश करने के उसके फैसले से भी खुश नहीं थे। फिर भी उन्होंने आगे बढ़ाने का फैसला किया ताकि बाद में उन्हें पछतावा न हो। तृप्ति ने आगे बताया कि सालों बाद उन्हें 2017 की फिल्म पोस्टर बॉयज में एक भूमिका मिली। लेकिन सनी देओल, बॉबी देओल और श्रेयस तलपड़े के साथ काम करना उनके लिए मुश्किल था क्योंकि उन्हें अभिनय का ए नहीं पता था। इसलिए, उनके अनुसार, उन्होंने इसमें अच्छा प्रदर्शन नहीं किया। आगे उन्होंने बताया कि लैला-मजनू की शूटिंग के दौरान घर आकर रोती थीं।





# द केरल स्टोरी को मिली आलोचनाओं को लेकर बोलीं अदा

अदा शर्मा को उनकी फिल्म द केरल स्टोरी की वजह से काफी चर्चा मिली है। सुदीप्तो सेन द्वारा निर्देशित और विपुल अमृतलाल शाह द्वारा निर्मित ये फिल्म काफी विवादों में भी रही थी। फिल्म में योगिता बिहानी, सोनिया बलानी और सिद्धि इदनानी सहित कई बेहतरीन कलाकार भी नजर आए थे। हाल में ही अदा शर्मा कॉमेडियन भारती सिंह के पॉडकास्ट पर नजर आई हैं। इस बातचीत के दौरान उन्होंने फिल्म निर्माण के दौरान आने वाली कठिनाईयों के बारे में खुलकर बात की है।

### द केरल स्टोरी को मिली आलोचनाओं पर बोलीं अदा

अभिनेत्री ने इस बातचीत के दौरान बताया कि फिल्म को किस तरह रिलीज से पहले ही आलोचनाओं का सामना करना पड़ा। उन्होंने कहा कि फिल्म का कोई प्रीमियर भी नहीं हुआ और इससे जुड़े कई इंटरव्यू भी अंतिम समय में रद्द कर दिए गए। अभिनेत्री ने आगे बताया कि फिल्म के प्रचार पर भी काफी प्रतिबंध लगाया गया, जिसके अंतर्गत कई क्षेत्रों में होर्डिंग और पोस्टर तक लगाने की अनुमति नहीं दी गई थी। हालांकि, तमाम प्रतिबंधों का सामना करने के बाद भी फिल्म ने शानदार सफलता हासिल करते हुए बॉक्स ऑफिस पर लगभग 300 करोड़ की कमाई की थी।

### फिल्म ने तमाम आलोचनाओं के बाद भी तोड़े रिकॉर्ड

भारती के यूट्यूब चैनल भारती टीवी पर अभिनेत्री ने कहा,जब द केरल स्टोरी कर रहे थे, तो मुझे नहीं लगा कि हम कुछ पॉलिटिकल कर रहे हैं। मुझे लगा कि यह एक लड़की की कहानी है और यह आईएसएस के बारे में है। ये लोग लड़कियों को आत्मघाती हमलावर बना रहे हैं और हम सभी आतंकवादियों के खिलाफ हैं। फिल्म उसी के बारे में थी। अभिनेत्री ने फिल्म को रिलीज से पहले मिली आलोचनाओं को लेकर कहा कि इसके बावजूद, फिल्म ने सभी रिकॉर्ड तोड़ दिए और सबसे अधिक कमाई करने वाली फिल्मों में से एक बन गई।

### रीता सान्याल में आएंगी नजर

अभिनेत्री ने आगे कहा, रिलीज से 10 दिन पहले लगातार गालिया दी जा रही थीं, मैं सब पर प्रतिक्रिया भी दे रही थी और मैं सोच रही थी कि इंतजार करो और फिल्म देखो। ये 2 मिनट के ट्रेलर पर क्या कर रहे हो तुम लोग। फिर आखिरकार, जब फिल्म रिलीज हुई, तो हर कोई शांत था। बात करें अदा के वर्क फ्रंट की, तो वह जल्द ही वेब सीरीज रीता सान्याल में नजर आएंगी, जिसका निर्देशन अभिरूप घोष ने किया है। यह शो 14 अक्टूबर, 2024 से डिज्नी+ हॉटस्टार पर प्रीमियर होगा। यह सीरीज रीता सान्याल पर आधारित है, जो एक वकील है, जो जटिल कानूनी मामलों से निपटने के लिए जानी जाती है।



# टाइम 100 की सूची में पायल कपाड़िया ने बनाई जगह

फिल्म निर्माता-निर्देशक पायल कपाड़िया ने टाइम 100 की सूची में जगह बनाई है। इस लिस्ट में अलग-अलग क्षेत्र की सबसे प्रभावी हस्तियों को शामिल किया जाता है। इसमें पायल का नाम भी दर्ज हुआ है। बता दें कि पायल कपाड़िया को उनकी पहली फीचर फिल्म ऑल वी इमेजिन ऐज लाइट के जरिए काफी लोकप्रियता मिली है। इसके लिए उन्हें प्रतिष्ठित कान पुरस्कार समारोह में ग्रांड प्रिक्स पुरस्कार भी दिया गया।

### क्या बोले आयुष्मान खुराना?

पायल कपाड़िया का नाम टाइम 100 में शामिल किए जाने पर अभिनेता आयुष्मान खुराना ने उनकी तारीफ करते हुए एक नोट लिखा है। एक्टर-सिंगल आयुष्मान खुराना ने पायल के लिए एक नोट लिखा, जिसमें उन्होंने उनकी प्रतिभा की तारीफ की। साथ ही मानवीय अनुभव को बड़े परदे पर उतारने की उनकी काबिलियत को भी सराहा।



इस साल फिल्म ने रचा था इतिहास मई में, कपाड़िया की फिल्म ने प्रतिष्ठित कान फिल्म महोत्सव में 30 वर्षों में प्रतियोगिता के लिए चयनित होने वाली भारत की पहली फिल्म बनकर इतिहास रच दिया। मई में कपाड़िया की फिल्म ऑल वी इमेजिन ऐज लाइट ने प्रतिष्ठित कान फिल्म महोत्सव में इतिहास रच दिया। यह 30 वर्षों में इस पुरस्कार समारोह में चयनित भारत की पहली फिल्म बनी और इसे पुरस्कार भी मिला।

### कौन हैं पायल कपाड़िया?

पायल कपाड़िया का जन्म मुंबई में हुआ। उन्होंने मुंबई के सेंट जेवियर्स कॉलेज से अर्थशास्त्र में स्नातक किया। इसके बाद एक वर्ष की मास्टर डिग्री सोफिया कॉलेज से की। इसके बाद वे फिल्म निर्देशन की पढ़ाई करने फिल्म एंड टेलिविजन इंस्टीट्यूट ऑफ इंडिया गई। एफटीआईआई में पायल अपने दूसरे प्रयास में सफल हो पाई। बतौर निर्माता पायल ने 2014 में फिल्म वाटरमैलन, फिश एंड हाफ घोस्ट से डेब्यू किया। यह एक शॉर्ट फिल्म है, जिसका निर्देशन पायल ने किया। इसके बाद इन्होंने कुछ और शॉर्ट फिल्मों का निर्देशन किया। इनमें आफ्टरनून क्लाउड्स, द लास्ट मैंगो बिफोर द मॉनसून और एंड व्हाट इज द समर सेइंग शामिल हैं। वर्ष 2021 में उन्होंने ए नाइट ऑफ नोइंग नथिंग डॉक्यूमेंट्री बनाई।

# निर्देशक सुजॉय घोष ने की आलिया भट्ट के अभिनय की तारीफ

अभिनेत्री आलिया भट्ट अभिनीत फिल्म जिगरा 11 अक्टूबर 2024 सिनेमाघरों में रिलीज होने वाली है। आलिया भट्ट की इस फिल्म का ट्रेलर रिलीज हो चुका है। इस ट्रेलर को प्रशंसको का बहुत सारा प्यारा मिला है। प्रशंसकों के साथ ही फिल्म इंडस्ट्री की ओर से फिल्म को बहुत सारा प्यार मिला है। इस फिल्म को लेकर अब सुजॉय घोष ने अपनी प्रतिक्रिया दी है। फिल्म का ट्रेलर देखने के बाद उन्होंने आलिया भट्ट की तारीफ की है। अपने ट्विटर अकाउंट पर सुजॉय घोष ने लिखा आपने जिगरा का ट्रेलर देखा न? आलिया भट्ट को इस अवतार में देखकर काफी अच्छा महसूस हुआ। निर्देशक सुजॉय घोष की ओर से आलिया की तारीफ को प्रशंसकों ने बहुत पसंद किया है।
सुजॉय घोष को कहानी, कहानी 2, लस्ट स्टोरीज, कहानी, बदला जैसी फिल्मों के लिए जाना जाता है।

